Title: Demand the Government to construct an International Airport at Varanasi, Uttar Pradesh.

श्री शंकर प्रसाद जायसवाल : भारत की सांस्कृतिक राजधानी वाराणसी विश्व पर्यटकों का केन्द्र है। यह न केवल हिन्दू धर्म का केन्द्र है बल्कि बौद्ध धर्म, जैन धर्म के अनुयायियों का भी विश्व का महत्वपूर्ण केन्द्र है। विश्व के प्रमुख विश्वविद्यालय - काशी हिन्दू यूनिवर्सिटी में पांच यूनिवर्सिटीज़ इसके अंदर हैं। यहां से कालीन व्यवसाय, रेशम तथा साड़ी का व्यवसाय विदेशों से किया जाता है। पर्यटक यहां पर बड़ी संख्या में आते हैं। यहां के खिलौने और कृत्रिम मोती विदेशों में जाते हैं। मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि वाराणसी में अन्तरराष्ट्रीय हवाई पट्टी बनाने की आवश्यकता है और सरकार जल्दी से जल्दी हवाई पट्टी बनाने का कार्य करे।